[India
बा . जा . र]

एमसीएक्स अब शैक्षणिक कार्यक्रम भी चलाएगा

एजेंसी @ मुंबई
business.jaipur@patrika.com



कमोडिटी एक्सचेंज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) ने एक डीम्ड यूनिवर्सिटी आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर स्टडीज (आईएफएचई) के साथ वित्तीय साक्षरता और विभिन्न संयुक्त शैक्षणिक पहलों के माध्यम से कौशल विकास में उच्च शिक्षा के लिए समझौता किया है।

इस समझौते के तहत कमोडिटी डेरिवेटिव्स के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान और बाजार पेशेवरों के कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। समझौते के हिस्से के रूप में आईएफएचई एमसीएक्स के सहयोग से कमोडिटी डेरिवेटिव्स मार्केट में पूर्णकालिक और अंशकालिक सर्टिफिकेशन प्रोग्राम्स, इवेंट्स, प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इस पहल से युवा पीढ़ी में हेजिंग और जोखिम प्रबंधन के बारे में प्रोत्साहन में मदद मिलेगी। एमसीएक्स के संयुक्त प्रबंध निदेशक पीके सिंघल ने कहा कि आईएफएचई ने कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार पर जागरूकता फैलाने की पहल की है। इस गठबंधन से निश्चित रूप से कमोडिटी मार्केट के लिए भविष्य में कुशल पीढ़ियों को तैयार करने में मदद मिलेगी। आईएफएचई के वाइस चांसलर डॉ. जे महेन्द्र रेड्डी ने कहा कि इस साझेदारी से हमें अपने कार्यक्रमों को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। उम्मीद है कि इस साझेदारी से हमें आने वाले वर्षों में कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजारों के लिए एक चेयर निर्माण करने में मदद मिलेगी।

एनटीपीसी करेगी 10 अरब डॉलर का निवेश